हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
20 अप्रैल 2026, बरेली

PAGE NO 10 MIDDLE

एनपीएस ने जीके सीएमएस को हराया

क्रिकेट टूर्नामेंट

बरेली, संवाददाता। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के पांचवें दिन नौवें मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने जीके सिटी मांटेसरी स्कूल को 10 विकेट से पराजित किया, जबकि 10वें मैच में मिशन एकेडमी स्कूल बहेड़ी ने जीपीएम स्कूल को 104 रन से हराया।

सिर्फ सात रन देकर जीके सिटी मांटेसरी स्कूल के 5 बल्लेबाजों को आउट करने वाले नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। 10वें मैच में 10 रन देकर 4 विकेट लेने वाले मिशन एकेडमी के गेंदबाज शानू गंगवार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओपनर के रूप में उतरे शानू गंगवार ने एक चौके की मदद से 8 रन भी बनाए।

नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव को मिला मैन ऑफ द मैच का खिताब।

महादेव स्ट्राइकर्स और शाइन क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में

बरेली। निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में रविवार को तीन मुकाबले हुए। हैपनिंग स्मार्ट बरेली क्रिकेट क्लब, महादेव स्ट्राइकर्स और शाइन क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मुकाबले में हैपनिंग स्मार्ट ने राइजिंग टाइटंस को हराकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच सुरजीत रहे। दूसरे मुकाबले में एसएन वॉरियर्स को हराकर महादेव स्ट्राइकर्स ने जीत दर्ज की, जिसमें अमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में शाइन क्रिकेट क्लब के 171 रनों के जवाब में टीचर्स क्रिकेट टीम 161 रन बना सकी। मैन ऑफ द मैच हाजी सौराब को चुना गया।